# AB-21002

Seat No. ________

## Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

**February – 2016**

## Hindi : Paper - VI

**[ हिन्दी साहित्य का इतिहास (आ.का.) ] (New Course)**

Time : 3 Hours] [Total Marks : **100**

**सूचना :** (1) इस प्रश्नपत्र में कुल पाँच प्रश्न हैं ।

(२) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

**1** आधुनिक काल की सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं साहित्यिक परिस्थितियों की चर्चा कीजिए । **20**

**अथवा**

**1** द्विवेदी युगीन काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए, आ. महावीर प्रसाद द्विवेदी के योगदान की चर्चा काजिए । **20**

**2** छायावादी हिन्दी काव्य का परिचय देते हुए, प्रमुख छायावादी कवियों के योगदान की चर्चा कीजिए । **20**

**अथवा**

**2** हिन्दी उपन्यास साहित्य के विकासक्रम को प्रस्तुत करते हुए जैनेन्द्र के योगदान की चर्चा कीजिए । **20**

**3** हिन्दी नाटक के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालते हुए जयशंकर प्रसाद के योगदान की चर्चा कीजिए । **20**

**अथवा**

**3** हिन्दी कहानी के उद्‌भव और विकास की चर्चा करते हुए प्रेमचन्द के योगदान पर प्रकाश डालिए । **20**

4 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच विषय पर दस वाक्यों में टिप्पणी लिखिए : **20**

(1) हिन्दी निबंध–साहित्य

(2) हिन्दी आलोचना–साहित्य

(3) हिन्दी रेखाचित्र और संस्मरण

(4) हिन्दी आत्मकथा और जीवनी

(5) हिन्दी यात्रा–साहित्य

(6) प्रगतिवादी–काव्य

(7) प्रयोगवादी–काव्य

(8) हालावादी–काव्य

(9) नई कविता

(10) आ. रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी ।

5 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए : **10**

(1) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब और कहाँ हुई ?

(2) हिन्दी में प्रकाशित सर्वप्रथम समाचार–पत्र का नाम क्या था ?

(3) व्रजभाषा के स्थान पर खड़ी बोली को कविता में किसने प्रतिष्ठित किया ?

(4) राजाशिवप्रसाद का उपनाम क्या था ?

(5) 'साकेत' नामक कृति के रचनाकार कौन थे ?

(6) हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास का नाम क्या है ?

(7) सन् 1936 में स्थापित 'प्रगतिशील लेखक संघ' के पहले अधिवेशन के सभापति कौन थे ?

(8) 'देश–विभाजन' की त्रासदी पर रचित यशपाल के उपन्यास का नाम क्या है ?

(9) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस वर्ष प्रारंभ हुआ ?

(10) नागार्जुन किस धारा के कवि थे ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **10**

(1) 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक .......... थे ।

(इंशा अल्ला खाँ, लल्लू लालजी, सदल मिश्र)

(2) बदरी नारायण चौधरी का उपनाम ............ था ।

(प्रेमधन, रामधन, श्यामधन)

(3) प्रसाद कृत 'कामायनी' में कुल ............. सर्ग है ।

(सात, दस, पन्द्रह)

(4) 'अतीत के चलचित्र' के रचनाकार ............. है ।

(महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद, निराला)

(5) 'कंकाल' उपन्यास के लेखक ............. है ।

(जयशंकर प्रसाद, प्रेमचन्द, नागार्जुन)

(6) 'अनामदास का पोथा' का रचनाकार ............. है ।

(हजारीप्रसाद द्विवेदी, महावीर प्रसाद द्विवेदी, अज्ञेय)

(7) निराला ने ............ पत्रिका का सम्पादन किया ।

(मतवाला, इन्दू, सरस्वती)

(8) हिन्दी का ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले प्रथम कवि .......... है ।

(सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचन्द)

(9) 'मानसरोवर' ............ की कहानियों का संग्रह है ।

(प्रेमचन्द, प्रसाद, पंत)

(10) 'मैला आँचल' उपन्यास ............ ने लिखा है ।

(फणीश्वरनाथ रेणु, जैनेन्द्र, मुक्तिबोध)